मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आपातकालीन प्रबंधन समूह (CMG) की दिनांक– 22.02.2019 को सुखाड़ की समीक्षा हेतु सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः सूची संलग्न।

प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा बताया गया कि राज्य के 25 जिलों के 280 प्रखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया जा चुका है तथा अल्प वर्षापात के मद्देनजर सूखे की स्थिति की लगातार समीक्षा करने की आवश्यकता है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि दिनांक–08.02.2019 को सम्पन्न आपातकालीन प्रबंधन समूह की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर सुखाड़ की स्थिति पर निगरानी रखने हेतु जिला स्तर पर चुनाव कार्य से सुखाड़ आपदा प्रबंधन से संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को मुक्त करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना को पत्र भेजा जा चुका है।

1. **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग** :– भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि वर्त्तमान में राज्य के उपर टर्फ रहने के कारण दिनांक 25.02.2019 से 27. 02.2019 तक वर्षा के साथ ओलापात होने के संभावना है।

   मुख्य सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि सभी जिलों को इस सूचना से अवगत करा दिया जाय।

2. **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** के सचिव द्वारा बताया गया कि कैटल टर्फ हेतु चयनित 287 स्थलों के विरूद्ध 160 स्थलों पर निर्माण जारी है। दरभंगा जिले के 5–7 पंचायतों में भूजल स्तर में कमी की सूचना है तथा दरभंगा जिला के शहरी क्षेत्रों के कुछ भागों में चापाकलों से बदबुदार पानी के निकलने की भी सूचना है। ऐसे चापाकल को बदलने की कार्रवाई की जा रही है। अन्य किसी जिला से भूजल स्तर के कमी की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

   मुख्य सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि बदबुदार पानी निकलने वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर आवश्यक जानकारी/निदान के संबंध में अपेक्षित निर्णय लिया जाय। तत्काल दो कनीय अभियंता को उन क्षेत्रों में भेजा जाय।

3. **कृषि विभाग** के प्रधान सचिव द्वारा बताया गया कि अभी तक सूखाग्रस्त घोषित प्रखण्डों में कृषि इनपुट अनुदान अन्तर्गत 909.00 करोड़ रु0 का वितरण किया जा चुका है।

   मुख्य सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि कृषि इनपुट अनुदान वितरण में अपेक्षित तेजी लायी जाय।

4. **पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग** के सचिव द्वारा बताया गया कि कैटल टर्फ हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है।

   मुख्य सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के साथ निर्मित्त एवं निर्माणाधीन कैटल टर्फ की स्थलीय भ्रमण कर निरीक्षण कर ली जाय। मुख्य सचिव के द्वारा यह भी निदेश दिया गया कि सूखाड़ की स्थिति की समीक्षा हेतु प्रत्येक शुक्रवार 4.00 बजे आपातकालीन प्रबंधन समूह की बैठक आहूत की जाय।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

ह0/–
(दीपक कुमार)
मुख्य सचिव
बिहार

E:\2018\Ajay Sir\CMG\CMG Drought\cmg drought meeting -22-02-2019.docx

ज्ञापांक ..../आ0प्र0 पटना–15, दिनांक–

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, कृषि विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/ ऊर्जा विभाग/स्वास्थ्य विभाग/ पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग/ खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, फुलवारी शरीफ, पटना/क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू–जल आयोग, 6ठा एवं 7वां तल, लोकनायक जयप्रकाश भवन, फ्रेजर रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(एम0 रामचन्द्रुडु)
अपर सचिव

ज्ञापांक ..../आ0प्र0 पटना–15, दिनांक–

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
अपर सचिव

ज्ञापांक 685/आ0प्र0 पटना–15, दिनांक–6/3/15

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेब साईट पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

06/03/19
अपर सचिव

28

E:\2018\Ajay Sir\CMG\CMG Drought\cmg drought meeting -22-02-2019.docx